UPBS050007572026

न्यायालय CIVIL JUDGE (S.D.), Basti

पीठासीन अधिकारी– (Sabiha Khatoon)

उ०प्र० न्यायिक सेवा – UP02115

Civil Suit/508/2026

Pushpawati Vs. Baburam

दिनांक 12–08–2026

आज यह वादपत्र प्रस्तुत होकर मुंसरिम आख्या के उपरान्त प्राप्त हुआ। नियमानुसार पंजीकृत हो। सम्मन की पैरवी उभय प्रकार से करे। प्रतिवादीगण वादोत्तर तिथि–14–09–2026 तथा वादबिन्दु हेतु तिथि–28–09–2026 नियत कर जारी हो।

सिविल जज (सी.डि.)
बस्ती।

6ग2 प्रार्थनापत्र अस्थायी निषेधाज्ञा
7ग2 शपथपत्र
8ग2 विशेष वाहक

पत्रावली प्रस्तुत हुई। वादिनी के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित आये। अस्थाई निषेधाज्ञा आवेदन कागज सं0–6ग2 पर वादिनी के विद्वान अधिवक्ता को एकपक्षीय रूप से सुना गया।

वादिनी द्वारा अस्थाई निषेधाज्ञा आवेदन कागज संख्या–6ग2 प्रस्तुत कर विवादित सम्पत्ति के संदर्भ में अस्थाई निषेधाज्ञा का निवेदन किया गया है। कागज संख्या–6ग2 के समर्थन में शपथ पत्र 7ग2 एवं सूची 10ग के माध्यम से नकल खतौनी, छाया प्रति नकल आदेश, छाया प्रति दस्तावेज बैनामा, छाया प्रति नकल आदेश दिनांकित 07–11–2023, नकल आदेश 09–04–2025, नकल तहसील आख्या, इत्यादि प्रपत्र दाखिल किये गये हैं।

पत्रावली का सम्यक अवलोकन किया। प्रार्थना पत्र 6ग2 में वादिनी द्वारा यह आधार लिया गया है कि प्रतिवादीगण का विवादित भूमि से कोई वास्ता एवं सरोकार नहीं है। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि विवादित सम्पत्ति की प्रास्थिति मिनजुमला नंबर की है। ऐसे में बिना प्रतिवादीगण को सुनवाई का अवसर प्रदान किये अस्थायी निषेधाज्ञा का आदेश पारित किया जाना न्यायसंगत नहीं है।

## आदेश

कागज संख्या–6ग2 की आपत्ति/नि0 हेतु तिथि–27–08–2026 नियत कर विपक्षीगण को नोटिस जारी हो। वादिनी आवश्यक पैरवी अविलम्ब करे।

प्रार्थना पत्र 8ग2 विशेष वाहक हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। वादिनी पैरवी अविलम्ब करें।

सिविल जज(सी.डि.), बस्ती।

Digitally signed by SABIHA KHATOON
Date: 2026.08.12 16:27:12 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court